Helpline 1064 94135-02834

कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- **एसीबी की पहल–जागरूकता संदेश (एस.एम.एस.) द्वारा भ्रष्टाचार के प्रति आमजन को किया जा रहा जागरूक**

जयपुर, *25 जनवरी, बुधवार।* भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो द्वारा राज्य सरकार की भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति को बढ़ावा देने की मंशा के अनुरूप तथा आमजन को भ्रष्टाचार के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से प्रदेश के विभिन्न मोबाईल नेटवर्क के उपभोक्ताओं को **जागरूकता संदेश (एसएमएस)** प्रसारित किये जा रहे है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के अतिरिक्त महानिदेशक श्री हेमन्त प्रियदर्शी (अतिरिक्त चार्ज महानिदेशक) ने बताया कि प्रदेश भर में संचालित विभिन्न मोबाईल नेटवर्क प्लेटफार्म (एयरटेल, वोडाफोन, जीओ इत्यादि) के तत्वाधान से आमजन को भ्रष्टाचार के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से एसीबी द्वारा तकरीबन 3 करोड़ से ज्यादा प्रदेशवासियों को एसएमएस प्रसारित कर जागरूक किया जा रहा है।

श्री प्रियदर्शी ने बताया कि **जागरूकता संदेश (एसएमएस)** में आमजन से लोकसेवकों द्वारा रिश्वत मांगने एवं भ्रष्ट आचरण करने पर एसीबी के **टोल फ्री नम्बर 1064** एवं **व्हाट्सएप्प हैल्पलाईन नम्बर 9413502834** पर संपर्क करने की अपील की जा रहीं है। उन्होने बताया कि इस जागरूकता पहल के प्रतिदिन अच्छे परिणाम मिल रहे हैं। आमजन में भ्रष्टाचार की एसीबी से शिकायत करने के लिए सुलभ, सुगम एवं 24X7 सम्पर्क सुविधा के प्रति जागरूकता बढ रही है।

एसीबी के अतिरिक्त महानिदेशक श्री हेमन्त प्रियदर्शी (अतिरिक्त चार्ज महानिदेशक) ने समस्त प्रदेशवासियों से अपील की है कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की ***टोल–फ्री हैल्पलाईन नं. 1064*** *एवं* ***Whatsapp हैल्पलाईन नं. 9413502834*** पर 24X7 सम्पर्क कर भ्रष्टाचार के विरूद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। **एसीबी आपके वैध कार्य को करवाने में पूरी मदद करेगी।** विदित रहे कि एसीबी राजस्थान राज्य में राज्य कर्मियों के साथ–साथ केन्द्र सरकार के कार्मिकों के विरूद्ध भी कार्यवाही करने को अधिकृत है।